**दिनांक 11 अप्रैल, 2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निदेशक मत्स्य की अध्यक्षता में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सभागार, द्वितीय तल, विकास भवन, नया सचिवालय, पटना में कैंटीन संचालन हेतु आहुत तकनीकी समिति की प्री–बीड बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति :– पंजी के अनुसार**

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों एवं एजेंसी के संचालक/प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस प्री–बीड बैठक में कुल पाँच निजी कैंटीन सेवा प्रदाता एजेंसी यथा डायनेमिक एक्सआर्मी सेन्टिनल्स प्रा० लि०, पटना, मे० राकेश कुमार शर्मा, सिन्हा लाईबेरी रोड, पटना, राय कैटरर एण्ड कॉनट्रैक्टर, न्यू जक्कनपुर, पटना, शेफ हॉस्पिटालिटी सर्विसेज, जयपुर(राजस्थान), एवं एनिमेशन सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा० लि०, ट्रांसपोर्ट नगर, पटना, के संचालक/प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उपरोक्त सभी एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा कुछ बिन्दुओं पर एक समान पृच्छा की गई कि प्रतिदिन न्यूनतम कितने प्रशिक्षणार्थी होते हैं, बीलिंग एवं भुगतान का क्या प्रावधान है एवं बिल का भुगतान कौन करेंगे। इस संबंध में जानकारी दी गई कि मत्स्य प्रशिक्षण एवं प्रसार केन्द्र, मीठापुर, पटना में वर्त्तमान में छात्रावास एवं व्याख्यान कक्ष के अभाव में एक बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की जाती है, प्रति बैच 30 प्रशिक्षणार्थी की संख्या निर्धारित है, प्रशिक्षण कार्यक्रम छः दिवस (सोमवार से शनिवार) तथा पूर्णतः आवासीय है। नये भवन एवं छात्रावास का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। भवन निर्माण के पश्चात दो या अधिक बैचों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक बैचवार प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त होते ही एजेंसी बिल समर्पित कर सकती है, जिसका भुगतान संयुक्त मत्स्य निदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार द्वारा प्रावधानानुसार यथाशीघ्र एजेंसी के बैंक खाता में किया जाता है।

डायनेमिक एक्सआर्मी सेन्टिनल्स प्रा० लि० के प्रबंध निदेशक श्री राजशेखर एवं राय कैटरर एण्ड कॉनट्रैक्टर के प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिया गया कि निविदा की अवधि न्यूनतम तीन वर्षों के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। इस संबंध में उन्हें जानकारी दी गई कि निविदा शर्तों के अनुसार प्रथमवार अनुबंध 11 महीने के लिए होगा, यदि इस अवधि में कैटीन सेवा प्रदाता एजेंसी का सेवा संतोषप्रद रहा तो निदेशक मत्स्य के अनुमोदन से दो बार 11–11 महीनों के लिए अनुबंध अवधि का विस्तार किया जा सकता है।

शेफ हॉस्पिटालिटी सर्विसेज, जयपुर के प्रतिनिधि श्री आशुतोष पांडेय द्वारा पृच्छा की गई कि एक वर्ष के दौरान कितने दिन भोजशाला को चलाना होगा। इस संबंध में उन्हें जानकारी दी गई कि विभाग द्वारा प्रशिक्षण एवं प्रसार की योजना का राज्यादेश निर्गत होने के पश्चात शीघ्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ कर दी जाती है और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य त्योहारों यथा दुर्गा पूजा, छठ पूजा, होली आदि अवसरों को छोड़कर वित्तीय वर्ष के मार्च माह के तृतीय सप्ताह तक संचालित रहता है।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सदस्य<br>सहायक अभियंता<br>(मुख्यालय) | सदस्य<br>सहायक मत्स्य निदेशक<br>(योजना) | सदस्य<br>उप मत्स्य निदेशक<br>(मुख्यालय) | सदस्य<br>अवर सचिव<br>पशु एवं मत्स्य संसाधन विभग |
| सदस्य<br>संयुक्त मत्स्य निदेशक<br>(अनुसंधान) | सदस्य<br>संयुक्त मत्स्य निदेशक<br>(रा०प०ई०) | सदस्य<br>संयुक्त मत्स्य निदेशक<br>(मुख्यालय) | 16/04/25<br>अध्यक्ष<br>निदेशक मत्स्य<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक 122 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 16.04.25

प्रतिलिपि :– तकनीकी समिति के सभी सदस्यों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.4.25

संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना

ज्ञापांक 122 मत्स्य/प्रशि0, मीठापुर, पटना, दिनांक 16.4.25

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16.4.25

संयुक्त मत्स्य निदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार
मीठापुर, पटना